


आपके बैंक ने वर्ष के दौरान अपने विदेशी कार्यालयों/सहायक कंपनियों में एक अत्याधुनिक केंद्रीय प्रावधानित रिपोर्टिंग प्रणाली के माध्यम से नियामक रिपोर्टिंग का स्वचालन शुरू किया है और वित्तीय वर्ष 23 तक रोल-आउट पूरा करने की योजना है। आपके बैंक ने सिंगापुर में रीयल-टाइम तत्काल भुगतान प्रणाली, अर्थात् जी 3-फास्ट (FAST) के साथ ऑनलाइन एकीकरण पूरा कर लिया है। यह रीयल-टाइम के आधार पर (24x7x365) भुगतान प्रसंस्करण को सक्षम करेगा, निपटान जोखिम को कम करते हुए नवीन और व्यावसायिक रूप से आकर्षक उत्पादों को वितरित करने की क्षमता को अधिकतम करेगा।

## 7. वाणिज्यिक ग्राहक समूह (सीसीजी)

### वाणिज्यिक ग्राहक

सीसीजी वर्टिकल मध्यम और बड़े कॉर्पोरेट ग्राहकों की 50 करोड़ रुपए से अधिक के वित्त पोषण आवश्यकताओं को पूरा करता है। सीसीजी की देश भर में 51 शाखाएं फैली हुई हैं, जिनमें महाप्रबंधक की अध्यक्षता वाली 3 प्रत्यक्ष शाखाएं शामिल हैं। वर्टिकल में हीरा, सिरेमिक और पूंजी बाजार जैसे विशिष्ट उद्योगों को सेवा देने वाली विशेष शाखाएं भी शामिल हैं। इस वर्टिकल का मुख्य कार्य कॉर्पोरेट ग्राहकों की संपूर्ण जरूरतों को पूरा करना, संबंधित जोखिमों का प्रबंधन करना और विकास की गति बनाए रखना है।

सीसीजी वर्टिकल का नेतृत्व उप प्रबंध निदेशक के द्वारा प्रबंध निदेशक (सीबी एवं जीबी) के संरक्षण में किया जाता है। इसके पोर्टफोलियो का प्रबंधन 5 मुख्य महाप्रबंधकों के द्वारा किया जाता है (1 मुख्य महाप्रबंधक परियोजना वित्त सहित) और 1 मुख्य महाप्रबंधक परिचालन का कार्यभार देखते हैं। सीसीजी में मुख्य महाप्रबंधक को कवरेज की गुणवत्ता में सुधार करने और पूरे समूह में जोखिम और आय के एक एकीकृत दृष्टिकोण से समन्वय के लिए समूह संबंध प्रबंधन का कार्यभार सौंपा गया है। सीसीजी का व्यवसाय मॉडल भी संबंध प्रबंधक के नेतृत्व में प्रत्येक रिलेशनशिप टीम के साथ संबंध प्रबंधन अवधारणा पर आधारित है और कुशल क्रेडिट विश्लेषकों और ऑपरेटिंग कार्यकर्ताओं द्वारा समर्थित है। इसलिए संबंध टीम ग्राहक की संपूर्णआवश्यकताओं को संभालने में सक्षम है और विभिन्न एसबीयू में उपलब्ध कुशल प्रबंधकों का इस कार्य में उपयोग करती है जिससे ग्राहक की आवश्यकताओं का संपूर्ण समाधान किया जा सके। सीसीजी ने 7 जून, 2019 के आरबीआई के दिशानिर्देशों के तहत और 200 करोड़ रुपए से अधिक के जोखिम वाले ग्राहकों के लिए अनुमोदित समाधान योजना की निगरानी तथा महामारी के कारण समाधान की आवश्यकता वाले ग्राहकों की विशेष आवश्यकताओं को संभालने के लिए केंद्रीकृत समाधान टीम का भी गठन किया है। समय पर और व्यापक हस्तक्षेप समाधान के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू है।

वर्ष के दौरान निर्यात ऋण वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कुछ प्रमुख पहल इस प्रकार हैं:

**टी-बिल दर का रूपया निर्यात ऋण में विस्तारः** बाहरी बेंचमार्क (टी-बिल दर) से जुड़ी ब्याज दरों को डब्ल्यूसीएल और एलसी बिल डिस्काउंटिंग सुविधाओं तक बढ़ाया जाता है ताकि टॉप-रेटेड उधारकर्ताओं को उपयोग की सीमा बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। वर्तमान प्रतिस्पर्धी बाजार को ध्यान में रखते हुए, ब्याज दरों से जुड़ी टी-बिल दर को भी रुपया निर्यात पैकिंग क्रेडिट सुविधाओं तक बढ़ा दिया गया है।

**निर्यातकों की बैठकः** एसबीआई द्वारा दी जाने वाली बैंकिंग सुविधाओं के बारे में निर्यातकों की जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत भर में विभिन्न निर्यातकों की बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

**ट्रैक्स (TRRACS) सॉफ्टवेयरः** आपके बैंक ने ट्रेड रेगुलेटरी रिपोर्टिंग एंड कंप्लायंस सॉल्यूशन (टीआरआरएसीएस) सॉफ्टवेयर प्रस्तुत किया है, जिससे समय के साथ लंबित ईडीपीएमएस/आईआरएम/निर्यात अग्रिम की प्रविष्टियों में कमी आई है और हम इन प्रविष्टियों को हटाने में काफी हद तक सफल हुए हैं।

इन पहलों के अलावा डिजिटल इंटरफेस ऑन प्राइसिंग एंड नॉलेज (DIPAK), एक मूल्य निर्धारण उपकरण, हमारे कॉर्पोरेट ऋणों के डेटा-संचालित मूल्य निर्धारण को मजबूत करने के लिए संचालन अधिकारियों और मंजूरी समितियों को उपलब्ध कराया गया है। यह सीसीजी की सभी शाखाओं में सक्रिय रूप से उपयोग किया गया है।

### परियोजना वित्त एसबीयू को संरचित काना

आपके बैंक की विशेष व्यावसायिक इकाई जिसे परियोजना वित्त एवं संरचना कार्यनीति व्यवसाय इकाई (पीएफ एंड एस एसबीयू) के रूप में जाना जाता है, बुनियादी ढांचे और अन्य क्षेत्रों जैसे बिजली, सड़क, बंदरगाह, रेलवे, हवाई अड्डे, रिफाइनरी में बड़ी परियोजनाओं के लिए धन के मूल्यांकन और व्यवस्था से संबंधित है। इसमें अन्य गैर-बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसे कि धातु, उर्वरक, सीमेंट, तेल और गैस, कांच आदि को भी न्यूनतम परियोजना लागत पर निश्चित सीमा के साथ शामिल किया गया है। पीएफ एंड एस एसबीयू अन्य वर्टिकल को उनके बड़े टिकट मीयादी ऋण प्रस्तावों की जांच में भी सहायता प्रदान करता है। बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण के लिए नीति और नियामक ढांचे को मजबूत करने

के लिए, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और आरबीआई को नई नीतियों, आदर्श रियायत समझौतों और बुनियादी ढांचे के वित्त में व्यापक मुद्दों पर ऋणदाताओं के विचारों के संबंध में जानकारी प्रदान की जाती है।

सरकार द्वारा विभिन्न पहलों, क्षेत्रीय सुधारों और प्रोत्साहनों जैसे राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी), राष्ट्रीय मुद्रीकरण योजना (एनएमपी), निष्पादन से जुड़ी योजनाओं (पीएलआई), सार्वजनिक संस्थाओं के विनिवेश के साथ-साथ ऋण निरंतर ऋण प्रदान करना, गति शक्ति, नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस) आदि बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश में कदम बढ़ाया गया है। इसके परिणामस्वरूप विशेष रूप से शहरी गैस वितरण, मार्ग, नवीकरणीय ऊर्जा, मेट्रो रेल, ग्रीन हाइड्रोजन, गोदाम जैसे क्षेत्रों में नई परियोजनाएं शुरू हुई हैं।

आपका बैंक सरकार के मंत्रालयों, प्राधिकरणों और विशेष विपणन प्रयासों के साथ निरंतर संपर्क में है और उपरोक्त से उत्पन्न होने वाले अधिक व्यावसायिक अवसरों को प्राप्त करने और संरचना ऋण खंड में नेतृत्व करने की स्थिति बनाए रखने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। आपका बैंक कार्यान्वयन के तहत आने वाली सभी परियोजनाओं की बारीकी से निगरानी कर रहा है और अल्प से मध्यम अवधि में कोविड-19 महामारी के प्रभाव से मुक्त हो जाने की उम्मीद करता है।

आपके बैंक ने उधार, बांड, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग और संरचित / मेजेनाइन फाइनेंस में महत्वपूर्ण प्रस्तावों के लिए सौदा संरचना का समर्थन करने के लिए 'स्ट्रक्चरिंग विशेषज्ञों' की एक अनुभवी टीम भी स्थापित की है।

## 8. तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन

आज, एसआरएजी आपके बैंक के सबसे महत्वपूर्ण वर्टिकलों में से एक है और आपके बैंक का जीएनपीए नीचे की ओर गतिशील है। एसआरएजी द्वारा तनावग्रस्त आस्तियों का समाधान आपके बैंक के लिए निम्नलिखित अप्रत्यक्ष आय उत्पन्न करने वाले अवसर प्रस्तुत करता है:

- एनपीए एवं एयूसीए में नकदी वसूली
- ऋण हानि के प्रावधानों में कमी
- अपने बैंक के अंतिम लाभ-हानि में योगदान
- ऋण विस्तार के लिए पूंजी को अनलॉक करना



ट्रिम्फ ऑफशोर प्रा. लिमिटेड



टोल ऑपरेट ट्रांसफर



रामागुंदम फर्टिलाईजर एंड केमिकल लिमिटेड



हिन्दुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड



नायरा एनर्जी प्रा. लिमिटेड